भीम BHIM भारत इंटरफेस फॉर मनी

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# कार्यालय प्राचार्य
# सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय
# कालाडेरा, जयपुर

## वार्षिक रिर्पोट–2022–23

रोवर– महाविद्यालय में 02 रोवर क्रू संचालित है जिनमें 48 रोवर प्रवेशित हैं। रोवर की प्रवेश के लिए अत्यधिक आवेदन आने के कारण उनकी छंटनी दक्ष संकाय सदस्यों द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शारिरिक दक्षता एवं साक्षात्कार के माध्यम से करते हैं। इस सत्र में 19 रोवर ने प्रशिक्षण कोर्स तथा महाविद्यालय के इतिहास में प्रथम बार सर्वाधिक संख्या में 13 रोवर्स राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया। सामान्य गतिविधियों के अलावा महाविद्यालय के 02 रोवर – मोहित शर्मा व रोशन यादव ने हिमाचल प्रदेश के कॉगड़ा (धर्मशाला) में आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर कार्निवल में एडवेंचर, फूड प्लाजा, राजस्थानी परिधान, एवं वेशभूषा आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राजस्थान राज्य को प्रथम स्थान दियाला। 21 से 25 जुलाई तक सम्पन्न माउन्ट आबू के समर एडवेंचर कैम्प में महाविद्यालय के 07 रोवर–मोहित शर्मा, रोशन यादव, हिमांशु शर्मा, लोकेश प्रजापत, रजनीकान्म मीणा, निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जयपुर जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ ही 12 रोवर–रेंजर्स ने 12 सितम्बर को चौमूं के स्टेडियम आयोजित राजीव गॉधी ओलम्पिक समारोह में माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय के साथ खिंचवाई गई रोवर–रेंजर्स की समूह फोटो स्काउट एवं गाइड विभाग की प्रतिष्ठित मैग्जीन 'स्काउट ज्योति' के कवर पेज पर छपी। 13 से 17 अक्टूबर को मनाली (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय एडवेंचर यूथ कैम्प में महाविद्यालय के 02 रोवर कबीर खान धोबी एवम् लोकेश प्रजापत ने रॉक क्लाइबिंग, ट्रैकिंग, प्रदेशीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के इतिहास में प्रथम बार 04 से 10 जनवरी 2023 तक रोहट, पाली में अयोजित 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 09 रोवर– अंकित मीना, अंकित प्रजापत, लोकेश प्रजापत, कृष्ण यादव, कबीर खान धोबी, हरीश सैनी, विमल चौधरी, दीपेन्द्र सामोता, एवं राहुल निठारवाल ने आवास, भोजन, पेयजल, एरिना, एडवेंचर, सब कैम्प, कैम्प फायर, फूड प्लाजा, राजस्थान दिवस पर अयोजित कार्यक्रमों, पंजीकरण व्यवस्था में अपनी उत्कृष्ट सेवा देने के लिए जम्बूरी में पुरस्कृत हुए। अल्प संसाधन होने के बावजूद हमारे रोवर नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

प्राचार्य

15/5/23

रोवर–लीड़र

c:\users\omprakash\desktop\order ranger.doc 171

# आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा, जयपुर

## रोवर रेंजर गतिविधियाँ 2021 22

2021 22 के मध्य महाविद्यालय में संचालित रोवर रेंजर की उपलब्धियाँ निम्नप्रकार से हैं :-

1. 23 जुलाई 2021 को रोवर रेंजर विभाग के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का विषय युवाओ के सर्वांगीण विकास में रोवर रेंजरिंग की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार में 505 प्रतिभागियो ने भाग लिया। इसमें राजस्थान के स्काउट जगत की महान हस्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये।
2. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और रोवर–रेंजर ने वृक्षारोपण किया।
3. 4 जनवरी 2021 को रोवर–रेंजर की प्रवेश की भर्ती हुई इनमें 200 से ज्यादा रोवर–रेंजर अभ्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवेश भर्ती सामान्य ज्ञान परीक्षा, शारीरिक श्रम एवं साक्षात्कार के आधार पर 48 रोवर–रेंजर का चयन हुआ।
4. इस प्रकार से 22 पुराने रोवर एवं 27 नये रोवर तथा इसके साथ ही 24 रेंजर्स को प्रवेश दिया गया।
5. 18 दिसम्बर 2021 को 72 रोवर–रेंजर्स को सामोद वीर हनुमानजी के हाइक (भ्रमण) पर लेकर जाया गया। इसमें रोवर–रेंजर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया।
6. 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में परेड एवं झन्डारोहण कार्यक्रम में रोवर–रेंजर ने भाग लिया।
7. 14 फरवरी 2022 से 18 फरवरी 2022 को जयपुर में रोवर–रेंजर को निपुण प्रशिक्षण शिविर में गये।
8. 25 मार्च 2022 को 16 रेंजर्स एवं 31 रोवर्स को अभिशंषा शिविर में चौमूँ स्थानीय संघ में भेजा गया।
9. 21 से 25 अप्रैल को राज्य पुरस्कार समारोह, बाँसवाडा में आयोजित हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्रमोद कुमार बुनकर को पुरस्कार लेने भेजा गया।

प्राचार्य

15/3/22

संयोजक रोवर–रेंजर

र्यालय प्राचार्य, सेठ आर.एल.सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा

ांक :

दिनांकः– 1/4/21

2020-21

**सत्र 2020–21 में रोवर रेंजर विभाग के अन्तर्गत निम्न गतिविधियों का आयोजन हुआ :–**

1. रोवर की 24–24 विद्यार्थियों की दो यूनिटों एवं रेंजर की 24 छात्राओं का प्रवेश कार्य हुआ। रोवर रेंजर्स ने कोरोना जागरूकता के लिए मास्क वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम सम्पादित हुए।
2. 19 नवम्बर को इन्दिरा गॉंधी जयंती मनाई गयी। इसके अतिरिक्त महात्मा गॉंधी और कोरोना जाग्रति के संबंध में ऑन लाईन निंबध, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
3. 15 मार्च को नव प्रवेशित रोवर एवं रेंजर्स का आमुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।
4. 23 मार्च 2021 को रोवर एवं रेंजर्स द्वारा उपखण्ड कार्यालय चौमूं में अहिंसा रैली एवं मौन समारोह में भाग लिया।
5. समय–समय पर रोवर एवं रेंजर्स द्वारा साप्ताहिक मीटिंग में श्रमदान, वृक्षारोपण मास्क वितरण कार्यक्रम सम्पादित किये।

1.4.2021

प्राचार्य

रोवर लीडर – डॉ. मानप्रकाश मीणा ..........

डॉ. गिरधारी लाल मीणा ..........

रेंजर लीडर – डॉ. अनिता ज्याणी ..........

7. **स्काउट** Annual Report 2019-20

**वर्तमान** में महाविद्यालय में दो रोवर्स और एक रेंजर क्रू संचालित है। उनमें रोवर की संख्या 48 एवं रेंजर्स की संख्या 24 है। प्रत्येक सत्र के प्रारम्भ में रोवर्स एवं रेंजर्स के रिक्त पदों नवीन प्रवेश द्वारा भरा जाता है। प्रवेश प्रक्रिया के तीन माह पश्चात् दीक्षा कार्यक्रम किया जाता है। इनमें नव प्रवेशित रोवर, रेंजर्स को रोवर रेंजर की सम्पूर्ण गतिविधियों, नियम, शर्तों, शिविर कार्यक्रमों से अवगत करवाया जाता है। रोवर रेंजर की साप्ताहिक मीटिंग मंगलवार एवं शुक्रवार को होती है। इसमें श्रमदान, सेवा, जनकल्याण, परोपकार, प्रकृति एवं वन्य जीवजन्तु कल्याण आदि से संबंधित कार्य किये जाते है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम जैसे स्वतन्त्रता दिवस , गणतंत्र दिवस, रक्तदान शिविर, योग दिवस, आदि में रोवर रेंजर्स की पूर्ण भागीदारी रहती है। रोवर रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के बाहर आयोजित प्रशिक्षण, जांच शिविरों , रैलियों, मैलों में भाग लिया जाता है। 20

1. म्हाविद्यालय में रोवर्स एवं रेंजर्स प्रत्येक सत्र में निपुण, राज्य पुरस्कार का प्रशिक्षण एवं जांच शिविरों में भाग लेते है। इसके उपरान्त उन्हे उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त होता है।
2. महाविद्यालय के रोवर रेंजर्स प्रत्येक वर्ष खाटूश्यामजी का मेला एवं चौमूं में आयोजित गणेशजी के मेले में सेवा कार्य करते है।
3. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स प्रत्येक वर्ष गर्मियों में प्याउ लगाते है।
4. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स प्रति वर्ष वृक्षारोपण, साफ–सफाई , श्रमदान, अनुशासन संबंधी कार्य करते है।
5. कोविड–19 महामारी के दौरान रोवर्स व रेंजर्स ने गॉव–गॉव व ढाणी–ढाणी में जाकर मास्क एवं सेनेटाईज किट वितरण, राशन सामग्री एकत्र कर वितरण किया।
6. महाविद्यालय में आयोजित 02 अक्टुबर को महात्मां गॉधी जयंती पर रक्तदान शिविर में न केवल रक्तदान करते है बल्कि अन्यों को रक्तदान हेतु सेवा कार्य भी करते है।

7. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती, जवाहर लाल नेहरू जयंती आदि में अपना सक्रीय योगदान देते है।

8. महाविद्यालय रोवर्स एवं रेंजर्स प्रतिवर्ष महाविद्यालय परिसर में एवं बाहर वृक्षारोपण करते है।

9. महाविद्यालय रोवर्स एवं रेंजर्स राज्य सरकार द्वारा आदेशित समस्त प्रकार की गतिविधियां, प्रतियोगिताओं आदि में सक्रीय भाग लेते है।

10. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स प्रतिवर्ष राज्यस्तरीय रोवर, रेंजर्स, मूट, हीकिंग, डेजर्ट ट्रेकिंग, पर्वतारोहन आदि साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेते है।

11. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शिविरों, जम्बूरी आदि में भाग लेते है।

12. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स ने केदारनाथ में त्रासदि, तबाही, बाढ के दौरान देहरादून में जाकर राहत पहुचाने की मदद की है।

13. महाविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स ने उक्त सम्पूर्ण गतिविधियों से जुडकर राज्यपाल, राष्ट्रपती अवार्ड प्राप्त करके सर्कल ओरगेनाईजर के पद प्राप्त किये है।

14. महाविद्यालय के रोवर रेजर्स ने उक्त प्रमाण पत्रों की मदद से रेलवे एवं अन्य विभागों में सेवा देते रहे है।

15. रोवर, रेंजर्स विभाग द्वारा 15 मार्च 2020 को आमुखीकरण कार्यक्रम किया। इसमें डॉ. अमिता अधिकारी एवं डॉ. सुमित्रा गुप्ता–रेंजर लीडर ने आमुखीकरण कार्यक्रम में रोवर–रेंजर्स को संबोधित किया।

16. रोवर्स, रेंजर्स विभाग ने स्थानीय संघ चौमूं द्वारा आयोजित श्रमदान, मेले,टीकाकरण, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों में भाग लेते है।

17. इसके अलावा महाविद्यालय के रोवर, रेजर्स का सत्रवार विवरण निम्नानुसार रहता है :–

15/8/21

प्राचार्य
सेठ आर.एल सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर

# आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा, जयपुर

## रोवर गतिविधियाँ 2018–19

2018–19 के मध्य महाविद्यालय में संचालित रोवर–रेंजर की उपलब्धियाँ निम्नप्रकार से हैं :–

1. निपुण रोवर प्रशिक्षण शिविर, बनीपार्क, जयपुर 14 से 18 सितम्बर 2018
2. राज्य पुरस्कार रोवर प्रशिक्षण शिविर, बनीपार्क, जयपुर 14 से 18 सितम्बर 2018
3. राज्य स्तरीय 60 वाँ रोवरम 2 / 46 वी रेंजर मीट जगतपुरा जयपुर 26 से 30 दिसम्बर 2018
4. राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर, जैसलमेर 03 से 09 जनवरी 2018
5. निपुण रोवर प्रशिक्षण शिविर, बनीपार्क, जयपुर 05 से 09 अगस्त 2019
6. राज्य पुरस्कार रोवर प्रशिक्षण शिविर, बनीपार्क, जयपुर 05 से 09 अगस्त 2019
7. मण्डल स्तरीय राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर, बनीपार्क, जयपुर 12 से 14 अक्टूबर 2019

प्राचार्य

संयोजक रोवर–लीडर